पंजाब केसरी 25/04/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के सहायक प्रोफैसर डा. अनीश कुमार को मिला राष्ट्रीय गौरव सम्मान

अम्बाला, 24 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफैसर डा. अनीश कुमार को ओसका द्वारा राष्ट्रीय गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया है। उनको यह सम्मान उनके हिन्दी भाषा के संवर्द्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए दिया गया है।

डा. अनीश कुमार ने हरियाणा में विभिन्न गतिविधियों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों द्वारा हिन्दी के सौरभ को विदेशों तक पहुंचाने में महत्ती भूमिका निभाई है। उपेक्षित इलाकों में हिन्दी वर्ण दान जैसी मुहिम चलाकर हिन्दी को बचपन से ही अपना गौरव मानने का संकल्प छोटे बच्चों से करवाया। इनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सरकारी कार्यालयों में जाकर हिन्दी के प्रयोग को अधिक बढ़ावा देने के लिए पोस्टर चिपकाए, ताकि सरकारी अधिकारी अधिक से अधिक अपना कार्य हिन्दी में करें। इनके अनेक शोधपत्र मानक पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अनेक राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं कार्यशालायों में बीज वक्त के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। समकालीन विषयों की सृजन की श्रृंखला में इनका अवदान महत्वपूर्ण है। मात्र 23 वर्ष की आयु में सहायक प्रोफैसर बने डा. अनीश कुमार हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न राज्यों के साथ सम्पर्क साध रहे हैं।